rose *n.* गुलाब का फूल, गुलाबी रंग, फीते का गुच्छा; life's roses जीवन के आनन्द; otto of roses गुलाब का अतर; rose without a thorn अलभ्य आनन्द

roseate *a.* गुलाबी रंग का

rosemary *n.* मेंहदी*, दौना

rosewater *n.* गुलाब-जल

rosewood *n.* एक प्रकार की सुगन्धित लकड़ी*

rostrum *n.* (*pls.* rostrums, rostra) व्याख्यान-मंच या चबूतरा

rosy *a.* गुलाबी, प्रसन्न, आनन्दित

rot *n.* दुर्गन्ध*, सड़ांध*; *v.i.* & *t.* सड़ना, सड़ाना

rotary *a.* घूमने या चक्कर मारनेवाला; Rotary Club रोटरी क्लब

rotate *v.i.* & *t.* चक्कर खाना

rotation *n.* परिभ्रमण, चक्कर

rotator *n.* अंग को घुमानेवाली पेशी*

rote *n.* आवृत्ति; to learn by rote कण्ठस्थ करना

rouble *n.* रूबल, रूसी सिक्का

rough *a.* विषम, रूक्ष, बिना चमक का, असभ्य, बेढंगा, अपूर्ण; rough-hewn भद्दा,

बनाया हुआ; rough-rider बिना फिरे हुए घोड़े पर सवारी करनेवाला; rough-shod घोड़े की नाल में के उभड़े हुए कांटे

round *a.* मण्डलाकार, गोलाकार, पूर्ण, निश्चित, पुष्ट, मोटा, फूला हुआ; *v.t. & i.* गोल होना या बनाना, पूर्ण करना; *n.* गोल पदार्थ, कार्यक्रम, परिधि*, सीढ़ी का डंडा, मोड़*, चाल*, चक्र स्थिति*; *adv.* चक्रवत, चारों ओर; all the year round वर्ष-भर; all round चारों ओर; merry-go-round फिरिहरी*; rounds of ladder सीढ़ी के डंडे; the daily round प्रतिदिन का सामान्य कार्य

rouse *v.i.* उत्तेजित करना, जगाना, चौंकाना

rout *v.t.* भगाना, हराना; *n.* कोलाहल, उपद्रव विप्लवकारियो की मंडली*

route *n* मार्ग, क्रम; enroute मार्ग में

routine *n.* दिनचर्या* बंधा-बंधाया काम

rove *v.i.* भ्रमण करना, घूमना

rover *n.* घुमक्कड़, समुद्री लुटेरा

row *n.* पंक्ति*, पद, पांति*, विप्लव, उपद्रव, नाव को सैर*; *v.t.* डांडे से नाव खेना; to kick up a row कोलाहल मचाना

rowdy *a.* कोलाहली, उपद्रवी; *n.* उपद्रवी पुरुष

royal *a* राजकीय, शिष्ट, महत्त्वपूर्ण; *n.* 20 × 25 इंच नाप का कागज़

rub *v.t.* (*p.t.* rubbed) घिसना, रगड़ना, मलना, स्वच्छ करना, पालिश करना; *n.* रगड़*, रुकावट*; to rub in बुकनी करना; to rub up रगड़कर चमकाना, स्मरणशक्ति ताज़ा करना

rubber *n.* रबर

rubbish *n.* तुच्छ पदार्थ, कूड़ा-कर्कट

rubble *n.* पत्थर या ईंट के टुकड़े

ruby *n.* लाल रत्न; *a.* गहरे लाल रंग का

rude *a.* (*comp.* ruder, *sup.* rudest) रूखा, अशिष्ट, मूर्ख असभ्य, उद्धत

rudiment *n.* आरम्भ, (ब०व०) प्रथम (मूल) तत्त्व

rudimentary *a.* मौलिक, प्रथम

rue *v.t.* शोक करना, पछताना

rueful *a.* शोकार्त, उदास

ruffian *n.* गुण्डा, बदमाश,

आततायी मनुष्य

ruffle *v.t. & i.* व्याकुल करना, झालर बनाना; *n.* झालरदार गुलूबन्द

rugged *a.* रूखा, बिना चमक का, असभ्य, झुर्रीदार

ruin *n.* नाश, पतन, (ब० व०) टूटा-फूटा भाग; *v.t. & i.* नाश करना, अपमानित करना, नाश होना

rule *n.* शासन, राज्य, निर्देश, नियम, अधिकार, सिद्धान्त, व्यवस्था*, अविमान, शासक; *v.t.* निर्देश करना, शासन करना, राज्य करना, लकीर खींचना; according to rule यथाविधि; general rules सामान्य विधि; golden rule सुन्दर नियम; moral rules मर्यादा, नैतिक नियम; rule of action क्रिया विधान; rule of thumb अनुभवसिद्ध रीति

ruler *n.* शासक, लकीर खींचने की पटरी*

ruling *a.* राज्य करता हुआ, उपदेश करनेवाला, प्रचलित; *n.* न्याय, न्यायाधीश का निर्णय

rum *n.* रम*, ऊख की मदिरा*; *a.* विलक्षण

rumble *v.i.* गड़गड़ शब्द करना; *n.* गड़गड़ाहट का शब्द

rumbler *n.* गड़गड़ शब्द करनेवाला

rumour *n.* लोकवार्ता*, गप्प*, अफवाह*, चर्चा*; *v.t.* गप्प या अफवाह उड़ाना, बात फैलाना

run *v.i. & t.* (*p.t.* ran, *p.p.* run) दौड़ना, वेग से चलना, कूदना, बढ़ना, फैलना, फैलाना, बहना; *n.* दौड़ान*, चाल*, यात्रा*, क्रम; to run riot मर्यादा भंग करना; a run on किसी वस्तु की बड़ी मांग; at a run दौड़ता हुआ; common run of men सामान्य मनुष्य; his blood ran cold वह बहुत डर गया; his tongue runs वह वकवास करता है; in the run अन्त में; news ran समाचार फैल गया; on the run भागता हुआ; to run about भटकना; to run across टकराना; to run after पीछा करना; to run at आक्रमण करना; run-away आपत्ति से भागनेवाला, भगेड़ू

runner *n* दौड़नेवाला, हरकारा

rupee *n.* रुपया

rupture *n.* टूटन*, बिगाड़,

अलगाव; *v.t.* & *i.* तोड़ना, टूटना

rural *a.* देहाती, गंवारू

rush *n.* सरहरी*, झपट*, आक्रमण; *v.t.* झपटना, बिना समझे-बूझे काम करना, जल्दी करना; to rush a bill through जल्दी में नियम स्थिर करना; to rush at आक्रमण करना; to rush into print जल्दी से छाप देना

rust *n.* मुर्चा, अस्वस्थ दशा*; *v.i.* मुर्चा लगना

rustic *a.* ग्रामीण, देहाती, असभ्य

rusticate *v t.* निस्सारित करना

rustication *n.* निस्सारण

rut *n.* पहिया चलने की लकीर*

ruth *n.* दया*

ruthless *a.* निर्दय, क्रूर

ryot *n.* रैयत

S

sabaoth *n. pl.* सेनाएं*

sabbath *n.* धार्मिक विश्राम का दिन, सप्ताह का पहला दिन

sabotage *n.* तोड़-फोड़

sabre *n.* कृपाण, तलवार*; *v.t.* कृपाण से हत्या करना

sack *n.* बोरा; लूटपाट; *v.t.* बोरे में भरना; *v.t.* नगर को जीतकर लूटना

sacrament *n.* धर्मविधि*, संस्कार

sacred *a.* पुनीत, पवित्र, दैवी; sacred grove तपोवन; sacred knowledge वेदों का ज्ञान

sacrifice *n.* बलिदान, यज्ञ, होम, समर्पण, हानि*; *v.t.* & *i.* बलिदान करना, अर्पण करना, त्याग करता

sacrificial *a.* यज्ञ-संबंधी, बलि-दान संबंधी

sacrilege *n.* पवित्र वस्तु को दूषित करने या लूटने का कार्य

sacrilegious *a.* अपवित्र, भ्रष्ट, पवित्र वस्तु को चुरानेवाला, धर्म का उल्लंघन करनेवाला

sacrosanct *a.* पवित्र

sad *a.* (*comp.* sadder, *sup.* saddest) उदास, दु:खी, खिन्न

sadden *v.t.* खिन्न या दु:खी करना

saddle *n.* जीन, बैठकी*, खोगीर; *v.t.* घोड़े की पीठ पर जीन कसना, भार रखना

sadism *n.* क्रूरतापूर्ण विकृत सम्भोग या मैथुन, दूसरे को दुखी करके आनन्दित होने की प्रवृत्ति*

safe *a.* सुरक्षित, स्वस्थ, विश्वस्त, निश्चित; *n.* सेफ, लोहे की संदूक*, तिजोरी*, भोजन-सामग्री रखने की जालीदार अलमारी*; safe and sound कुशलपूर्वक

safeguard *n.* रक्षा*, सावधानी*; *v.t.* रक्षा करना

safety *n.* रक्षा*; safety lamp खान में ले जाने का लम्प; safety match केवल विशेष प्रकार के मसाले पर रगड़ने से ही जलनेवाली दियासलाई; safety pin कोना न चुभनेवाली आलपीन; safety-razor ऐसा उस्तरा जिससे हजामत बनाने में दाढ़ी न कटे: safety-valve भाप का दबाव अधिक बढ़ जाने पर स्वयं खुल जानेवाला इंजन का ढट्टा

saffron *n.* केशर, कुंकुम; *a.* केशरिया

sagacious *a.* मेधावी, बुद्धिमान, चतुर, तीक्ष्ण बुद्धि का

sagaciously *adv.* चतुराई से

sagacity *n.* सूक्ष्म बुद्धि*, चतुराई*

sage *a.* पंडित, ज्ञानी; *n.* ऋषि, मुनि

sail *n.* पाल, जहाज, जलयात्रा*, वायु से चलनेवाली चक्की का पंखा; *v.t. & i.* जल में चलना या चलाना, वायु में चलाना, नाव चलाना, जलयात्रा करना

sailer *n.* पाल पर चलनेवाला जहाज

sailor *n.* नाविक

saint *n* ऋषि, मुनि, सिद्धजन

saintly *a.* पवित्र, पुण्यात्मा

saintliness *n.* पुण्यात्मापन

salad *n.* कच्चे साग का अचार, रायता; salad days युवावस्था*, अनुभवहीन अवस्था*

salary *n.* वेतन; *v.t.* नियम से वेतन देना

sale *n.* बिक्री*, नीलाम, कम मूल्य की बिक्री*

salesman *n.* विक्रेता

salient *a.* उभड़ा हुआ, प्रधान, मुख्य

sallow *a.* पीला, रोगी

sally *n.* झपट्टा, आक्रमण, विप्लव, बुद्धिविलास; *v.t.* (*p.t.* sallied) आक्रमण करना

saloon *n.* सैलून, सजा हुआ बड़ा कमरा, जहाज का बड़ा कमरा, रेलगाड़ी का बिना विभाग का बड़ा डब्बा

salt *n.* नमक, तीखापन, बुद्धि*; *a.* नमकीन; *v t.* नमक छिड़कना, नमक पोतना; not worth his salt न रखने योग्य; the salt of the earth संसार की श्रेष्ठ जाति; to eat a master's salt स्वामी का काम ईमानदारी से करना; to eat one's salt अतिथि होना; salt-cellar नमक रखने का छोटा पात्र

salty *a.* नमकीन

salute *n.* सत्कार, नमस्कार, चुम्बन, तोप की सलामी; *v.t.* नमस्कार करना, स्वागत करना

salvage *n.* भ्रंशोद्धार, अग्नि इत्यादि से सम्पत्ति को बचाना, जहाज की सामग्री को डूबने से बचाना

salvation *n.* पाप से मुक्ति*, मोक्ष, उद्धार; salvation army मुक्तिसेना*

salve *n.* शांतिप्रद औषधि*, मलहम; *v.t.* नाश से बचाना

same *a.* & *adv.* अभिन्न, समान, यही, एक ही, पहले कहा हुआ; all the same तिसपर भी; at the same time उसी समय; just the same ठीक ऐसा ही; of the same age एक ही वय का

sample *n.* प्रतिरूप, आदर्श; *v.t.* परीक्षा करना

samson *n.* अति बलवान मनुष्य

sanatorium (*pl.* sanatoria) *n.* स्वास्थ्यसदन

sanctification *n.* पवित्र करने का कार्य, पवित्रकरण

sanctify *v.t.* (*p t* sanctified) पवित्र करना, पाप से मुक्त करना

sanctimonious *a.* कपटधर्मी, पाखण्डी

sanctimony *n.* बनावटी पुण्य, पवित्रता* का बहाना

sanction *n.* आज्ञा*, अनुमोदन, प्रोत्साहन; *v.t.* आज्ञा देना, अधिकृत करना

sanctity *n.* (*pl.* -ties) पवित्रता*, निर्मलता*, शुद्धता*

sanctuary *n.* (*pl.* -ries) शरणास्थान

sand *n.* बालू मरुस्थल; *v.t.* बालू मिलाना; sand bank बलुआ किनारा; sand bath औषधि इत्यादि पकाने का बालू का यंत्र; sand-blast कांच, धातु आदि के चमकीले भाग को खुरखुरा करने का यंत्र; sand-blind चौंधर, कुछ अंधा; sand-box बालू-दानी; sand-paper स्वच्छ

(पालिश) करने का बालू का कागज; sand-piper टिटिहरा; sand shoes बालू पर चलने का जूता; sandstone बलुआ पत्थर

sandal *n.* चप्पल*, चट्टी*

sandlewood *n.* चन्दन, सन्दल

sandwich *n.* मेवा, मांस इत्यादि भरी हुई कचौड़ी*; *v.t.* दो पदार्थों के बीच में कुछ रखना

sane *a.* स्वस्थ चित्त का, बुद्धिमान

sanguine *a.* आशायुक्त, प्रसन्न, चमकीला; *n.* लोहू का रंग

sanitary *a.* स्वास्थ्य-संबंधी

sanity *n.* चित्त की स्थिरता*, मानसिक स्वास्थ्य

sapling *n.* छोटा पौधा

sarcasm *n.* आक्षेप, उपहास, व्यंग्य, ताना

sarcastic (-al) *a.* ताने का, व्यंग्यात्मक

sardonic *a.* उपहास या ताने का

Satan *n.* पिशाच, दैत्य

satellite *n.* उपग्रह, किसी मनुष्य का सर्वदा पीछा करनेवाला

satiate *v.t.* सन्तुष्ट करना, नाक तक भरना; *a.* अत्यन्त भरा हुआ

satire *n.* आक्षेप का लेख, उपहास, ताना

satirist *n.* व्यंग्यकार

satirize *v.t.* व्यंग्य करना

satisfaction *n.* इच्छा-पूर्ति*, सन्तोष, ऋण का चुकौता, निस्तार

satisfactory *a.* सन्तोषजनक, तृप्तिकर

satisfy *v.t.* (*p.t.* & *p.p.* satisfied) सन्तुष्ट करना, ऋण इत्यादि चुकाना, पूर्ण करना, विश्वास दिलाना

saturate *v.t.* पूर्ण रूप से सोखना, चूसना, पूरा भरना, मिलाना

saturation *n.* भराव, पूर्णता*

Saturday *n.* शनिवार, शनीचर

Saturn *n.* शनिग्रह

sauce *n.* मसाला, चटनी*, धृष्टता*; *v.t.* & *i.* मसालेदार बनाना, धृष्टता का व्यवहार करना

saucer *n.* तश्तरी*, रकाबी*

saunter *v.i.* टहलना, निरर्थक घूमना, अपना समय नष्ट करना, सुस्ती से घूमना, मटरगश्ती करना

savage *a.* असभ्य, निर्दय, अशिष्ट, क्रोधी; *n.* निर्दय या क्रूर मनुष्य, असभ्य मनुष्य

savagery *n.* जंगलीपन, क्रूरता*

savant *n.* विद्वान, पंडित, ज्ञानी
save *v.t.* रक्षा करना, बचाना, रोकना, अल्प व्यय करना; *prep.* अतिरिक्त, छोड़कर
savings *n.* बचत*, संग्रह, संचित धन; savings bank बचत का धन, जमा करने का बैंक, संचय, अधिकोष
saviour *n.* उद्धारक, रक्षक, मुक्ति दाता
savour *n.* स्वाद, रस, रुचि*; *v.i. & t.* स्वाद लेना, तारीफ करना आभास देना
saw *n.* आरा आरी*; *v.t.* आरी से काटना
saw-dust *n.* आरे से निकला हुआ लकड़ी का बुरादा
say *v.t. & i.* (*p.t. & p.p.* said) बोलना, कहना, बताना, वर्णन करना; *n.* बात*, उक्ति*, कथन, मत, कहावत*; I say मैं दृढ़तापूर्वक कहता हूं; say no more बोलना बंद करो; that is to say अर्थात्; to say out स्पष्ट रूप से प्रकट करना
scaffold *n.* फांसी का तख्ता; *v.t.* मचान बांधना
scale *n.* मछली के चमड़े पर की परत*, चोइयां*, पतली तह*; *v.i.* परत उखड़ना; on a large scale स्थूल परिमाण में; to hold the scale पक्षपात न करना; to sink in the scale नीच अवस्था को प्राप्त करना; to turn the scale अवस्था बदल देना
scale *n.* तराजू का पलड़ा, तुला*, सीढ़ियों का क्रम, क्रमिक प्रबन्ध, नापने का चिह्न, सरगम का क्रम, कार्य-क्रम; *v.t.* ऊपर को चढ़ना
scalp *n.* खोपड़ी, मस्तक पर की त्वचा और बाल; *v.t.* मस्तक की खाल उखाड़ना
scan *v.t.* जांचना, सूक्ष्म परीक्षा करना, छन्द की मात्राओं की गणना करना
scandal *n.* आक्षेप, निन्दा*, कलंक, लोकापवाद; *v.t.* (*p.t.* scandaled) कलंक लगाना, निन्दा करना
scandalous *a.* कलंक लगाने-वाला, अपवादक
scandalize *v.t.* निन्दा करना, कलंक लगाना
scant *a.* कम, थोड़ा; *adv.* कम मात्रा में
scape *v.t.* भाग जाना; scape-gallows फांसी पड़ने से बाल-बाल बचा हुआ; scape-goat बलि का बकरा, दूसरों के अपराध का फल भोगनेवाला:

scape-grace निर्लज्ज मनुष्य
scar *n.* घाव का चिह्न; *v.i.* (*p.t.* scarred) घाव का चिह्न पड़ना
scarce *a.* कम, थोड़ा, दुर्लभ; *adv.* प्राय: नहीं
scarcity *n.* न्यूनता*, कमी*
scare *n.* अकारण भय; *v.t.* डराना, चौंकाना
scarecrow *n.* विभीषिका*, चिड़ियों को डराने का पुतला, कागभगौड़ा
scathing *a.* अति कठोर, विनाश
scatter *v.t. & i.* छितराना, बिखेरना, फैलाना, प्रसारित करना
scatter-brain विचारहीन पुरुष
scavenger *n.* मेहतर, भंगी
scene *n* घटनास्थल, दृश्य, नाटक का अंश, रंगभूमि*, नाटक का पर्दा
scenery *n.* दृश्यावली*, सीनरी*
scenic (-al) *a.* सुरम्य, नाटक-संबंधी
scent *n.* सुगन्ध*, वास*; *v.t.* सूंघना, सुगन्धित करना; on the scent खोज में; to put off the scent धोखा देना
sceptic *n.* सन्देहवादी, संशयात्मा, नास्तिक वहमी, शकी
sceptical *a.* सन्देह-युक्त
scepticism *n.* संदेहवाद, अविश्वास
sceptre *n.* राजदण्ड, राज्यचिह्न
schedule *n.* सूची*, नामावली*, कार्यक्रम; *v.t.* सूची में लिखना, सूचीपत्र बनाना; scheduled time निर्धारित समय
scheme *n.* स्कीम, योजना* प्रारूप, उपाय, प्रबन्ध, व्यवस्था*; *v.t.* प्रबन्ध करना, उपाय करना, योजना बनाना
schism *n.* मतभेद, फूट*, लड़ाई*
scholar *n.* विद्यार्थी, छात्र, विद्वान
scholarship *n* पाण्डित्य, विद्वत्ता*, छात्रवृत्ति*
scholastic *a.* विद्वान या विश्वविद्यालय संबंधी, पंडिताऊ
school *n.* स्कूल विद्यालय, पाठशाला*, शाखा* सम्प्रदाय; *v.t.* अध्ययन करना, सिखलाना
schooling *n.* शिक्षा, उपदेश
school-master *n.* (*fem.* mistress) स्कूल का अध्यापक; school of fish मछलियों का झुण्ड
science *n.* विज्ञान, विद्याशास्त्र
scientific *a.* वैज्ञानिक, शास्त्रानुरोधी, शास्त्रीय
scientist *n.* वैज्ञानिक

scissors *n. pl.* कतरनी*, कैंची*; lamp-scissors लैम्प की बत्ती काटने की कैंची; nail scissors नाखून काटने की कैंची*

scoff *n.* आक्षेप, तिरस्कार; *v.t.* घृणा करना, ताना मारना

scold *v.t.* झिड़की देना, गाली देना; *n.* झिड़की*, गाली*

scoop *n.* फरसा, बड़ा चम्मच कल्छुल, विशेष खबर; *v.t.* उठाना, खोदना, विशेष खबर का पता लगाना

scope *n.* हेतु, रुचि*, विस्तार, अवसर, सीमा*

scorch *v.t. & i.* जलाना, झुलसाना, सूख जाना

score *n.* दरार*, फटन*, कोड़ी*, लम्बी लकीर*, कूंड़, खेलों में बनाए गए अंक; *v.t. & i.* खेल में अंक बनाना, गोल करना, रन बनाना, सफल होना, लाभ उठाना, हाज़िर जवाबी से काम लेना; on the score उस विषय में; scorebook गणना करने की पुस्तक; scores of people मनुष्यों की अधिक संख्या; to pay one's score गिनती ठीक करना, to score under रेखांकित करना

scorn *n.* तिरस्कार, निन्दा*; *v.t.* तिरस्कार करना, अपमान करना

Scot *n.* स्कॉटलैंड देश का निवासी; scot *n.* कर

scot-free *a* बिना चोट लगे, बिना कर दिए

Scotch *a. & n.* स्कॉटलैंड देश का, इस देश का निवासी, इनकी भाषा, स्कॉच ह्विस्की

scotch *v.t.* क्षत-विक्षत करना, ज़ख्मी करना; *n.* छोटा घाव, खरोंच

scoundrel *n.* नीच, दुष्ट, लुच्चा

scout *n.* स्काउट, बालचर, भेदिया, जासूस, द्रुतगामी छोटा वायुयान; *v.t. & i.* स्काउट की तरह काम करना, भेद जानना; boy scout बालचर

scowl *v.t.* भौंह चढ़ाना, मुंह सिकोड़ना; *n.* भ्रूभंग, क्रोध-पूर्ण आकृति*

scramble *v.i. & t.* छीना-झपटी करना, पेट के बल चढ़ना; *n.* छीना-झपटी*, झगड़ा, कलह

scrap *n.* रद्दी माल, खण्ड, टुकड़ा, टूटा भाग; *v.t.* (*p.t.* scrapped) व्यर्थ जानकर टुकड़े करना, रद्दी की ढेर में डालना

scrape *v.t.* रगड़कर या खुरच

कर चिकना करना; *n.* खुरचन; to scrape one's boots जूते के तल्ले की मिट्टी हटाना; to scrape one's plate सब खा जाना, थाली में कुछ न छोड़ना

scratch *v.t.* खुरचना, खोदना, अलगाना; *n.* छोटा घाव, खरोंच

scrawl *v.i.* घसीट लिखना; *n.* घसीट लिखावट या चित्र

scream *v.i.* चीखना, ठहाका मारकर हंसना; *n.* चीख*, चिल्लाहट*, हंसी*

screen *n.* रक्षा करने या छिपाने का पदार्थ, ओट, पर्दा, बड़ी चलनी*; *v.t.* शरण देना, रक्षा करना, तलाशी लेना, सिनेमा दिखाना

screw *n.* पेंच, कंजूस मनुष्य; *v.t. & i.* ऐंठना, रूक्षता का व्यवहार करना, पेंच से कसना; to have a screw loose मनुष्य जिसका मस्तिष्क ठीक काम नहीं करता; to put the screw on पूरा प्रयत्न करना

screw-bolt *n.* ढिबरीदार पेंच

screw-driver *n.* पेंचकस

script *n.* लिपि*, हस्तलिपि*, वर्णमाला*, लिखावट*, मूल लेख, चलचित्र-नाट्य, या फिल्मी नाटक की टंकित लिपि*, रेडियो-भाषण या वार्ता* का पाठ, लेख, निबन्ध

scripture *n.* धर्म-पुस्तक, बाइबिल*, बाइबिल का अंश

scroll *n.* कुंडली*, लपेटे हुए कागज़ का मुट्ठा, सूची-पत्र, घुमौवा फीता; *v.t.* बेलबूटे काढ़ना, बेलबूटों से सजाना

scrutinize *v.t.* छानबीन करना, जांचना

scrutiny *n.* सूक्ष्म परीक्षा*; छानबीन

scuffle *n.* झगड़ा, हाथापाई* *v.t.* झगड़ना, खींचातानी करना

sculptor *n.* मूर्तिकार, संगतराश, नक्काश

sculptural *a.* मूर्तिकला-विषयक

sculpture *n.* मूर्तिकला*, शिल्प कला*, संगतराशी*, मूर्ति*, *v.t.* मूर्ति बनाना

scum *n.* फेन, झाग, मैल* *v.t. & i.* (*p.t.* scummed) मैल हटाना

scurf *n.* चोइआं* रूसी*

scurvy *a.* नीच, तिरस्कृत; *n.* एक प्रकार का रक्त-रोग, लवणरक्त, दन्तरोग

scuttle *n.* कोयला रखने का

पात्र, छोटी डलिया*; *v.i.* खिसकना, जल्दी करना, दुम दबाकर भागना

sea *n.* समुद्र, बड़ी झील*, समुद्र की बड़ी लहर*, seaboard समुद्र तट; sea-coal जहाज़ से लाया हुआ कोयला; sea-cow समुद्री घोड़ा; seafarer मल्लाह, समुद्र-यात्रा करने वाला; seaman मल्लाह, मांझी; seamanship नाविक विद्या*; sea-rover समुद्री डाकू; seascape समुद्र का चित्र; seaworthy समुद्र यात्रा करने के योग्य; a rough sea प्रचण्ड लहर; mistress of the seas प्रधान समुद्री शक्ति; sea of blood हत्याकाण्ड; to go to sea मल्लाह बनना; to put to sea समुद्र पार जाना

seal *n.* एक प्रकार की समुद्री मछली,* सुंईस*

seal *n.* मुद्रा,* मुहर की छाप,* विशिष्ट चिह्न; *v.i.* मुहर लगाना, बन्द रखना, दृढ़ करना

search *v.t. & i.* खोजना, जांच करना, परीक्षा करना; *n.* जांच,* खोज,* परीक्षा* to search into परीक्षा करना; to search out जांच-पड़ताल करना

searching *a.* कठोर अनुसंधान या परीक्षा या जांच करने वाला

searchlight *n.* सर्चलाइट, बिजली की तेज़ रोशनी वाला यंत्र

season *n.* ऋतु,* समय, काल, उचित अवसर; *v.t.* स्वादिष्ट करना, अभ्यास करना, सुखाकर पुष्ट करना; auspicious season अच्छा अवसर; in season, out of season सब काल में; out of season अकाल में; season ticket रेलवे इत्यादि का कुछ समय के लिए रियायती टिकट

seasonable *a.* मौसमी, प्रसंगोचित, समय की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला

seasonably *adv.* उचित अवसर का

seat *n.* आसन, बैठने का अधिकार, स्थान, ग्रामीण वासस्थान *v.i.* स्थापित करना, नियुक्त करना

secede *v.t.* पृथक् होना, भिन्न मत ग्रहण करना, अलग होना

secession *n.* पार्थक्य, अलगाव, फूट*

seclude *v.t.* समाज से अलगाना, एकान्त में रखना, दूर रखना, निकालना
secluded *a.* एकान्त स्थित, निर्जन, एकान्त
seclusion *n.* अकेलापन, निर्जनता
second *a.* दूसरा; *n.* सेकण्ड, मिनट का साठवां भाग, रद्दी माल; *v t.* अनुमोदन करना, साहस देना; **second to none** अद्वितीय, अपूर्व; **second-floor** दूसरी मंज़िल; **second-hand** दूसरे का व्यवहार किया हुआ, जीर्ण; **second-rate** सामान्य
secondary *a.* अमुख्य, अप्रधान, दूसरे क्रम का, सहायक; **secondary education** माध्यमिक शिक्षा
seconder *n.* प्रस्ताव का समर्थक
secrecy *n.* गुप्तता*, एकान्तता*
secret *a.* गुप्त, गूढ़, छिपा हुआ; *n.* भेद, रहस्य; **in secret** एकांत में; **open secret** आम बात*; **secret counsel** गुप्त मन्त्रणा; **secret information** गुप्त मन्त्र; **secret ballot** गुप्त मतदान
secretarial *a.* सचिव-संबंधी
secretariat (e) *n.* सचिवालय
secretary *n.* सेक्रेटरी, सचिव, मंत्री; **secretary of state** राज्यमंत्री (ब्रिटेन), परराष्ट्र मंत्री (अमरीका); **under-secretary** अवर सचिव; **joint secretary** संयुक्त सचिव
secretaryship *n.* सचिवत्व, मंत्रित्व
secretive *a.* रहस्यपूर्ण, छिपाऊ, चुप्पा
sect *n.* सम्प्रदाय, पंथ
sectarian *a.* संकीर्ण, कट्टर
sectarianism *n.* संकीर्णतावाद
section *n.* कटाव, खण्ड, जाति, वर्ग, भाग, प्रकरण; **section-mark** प्रकरण का चिह्न
sectional *a.* खंड संबंधी
sector *n.* वृत्तखण्ड, रेखागणित का एक यन्त्र
secular *a.* धर्मनिरपेक्ष, पार्थिव, संसारी; *n.* धार्मिक सत्य
secure *a.* चिन्ता-रहित, सुरक्षित, निर्भय, दृढ़, विश्वासी; *v t.* निश्चित करना, प्राप्त करना, पुष्ट या सुरक्षित करना
security (*pl.* **securities**) *n.* रक्षा*. बचाव, प्रतिभू
sedate *a.* गम्भीर. शान्त, सौम्य, धीर, सयत

sediment *n.* तलछट, अवसाद
sedition *n.* राजद्रोह, विद्रोह, संक्षोभ
seditious *a.* राजद्रोही, विद्रोही
seduce *v.t.* सतीत्व नष्ट करने के लिए फुसलाना, चरित्र भ्रष्ट करने के लिए बहकाना, सत्पथ से डिगाना, सतीत्व नष्ट करना, पाप या अपराध की ओर लुभाना
seduction *n.* सतीत्वहरण, चरित्रदूषण
see *v.t. & i.* (*p.t.* saw, *p.p.* seen) देखना, विचारना, समझना, प्रबन्ध करना; परीक्षा करना; भेंट करना; I see मैं समझता हूं; to see after संभालना; to see good भला विचारना; to see into विचार करना; to see life अनुभव प्राप्त करना; to see the light उत्पन्न होना; to see off हटाना; to see one's way प्रबन्ध करना; to see the back त्याग देना; to see with one's eyes प्रत्यक्ष साक्षी होना; to see to परीक्षा करना
seek *v.t. & i.* (*p.t. & p.p.* sought) खोजना, जांचना, प्रत्यक्ष करना; to seek out अलगाना; to seek through खोज निकालना
seem *v.i.* जान पड़ना, देख पड़ना
seer *n.* (*fem.* seeress) भविष्यदर्शी, सिद्ध पुरुष, ऋषि, पैगम्बर, नबी
segment *n.* भाग, खण्ड, छिन्न अंश
segregate *v.t. & i.* पृथक् करना, अलगाना
segregation *n.* पृथक्त्व, अलगाव
seize *v.t.* पकड़ना, धरना, आक्रमण करना, विचारना
seizure *n.* आक्रमण, धावा, कानूनी अभिग्रहण
seldom *adv.* कदाचित, विरले ही
select *v.t.* बराना, चुनना; *a.* उत्तम, चुना हुआ
selection *n.* चुनाव
selective *a.* चुनने योग्य
self *n.* (*pl.* selves) स्व, आपा, स्वयं, निज, आत्म, अहं, आत्महित, स्वार्थ self-acting स्वयं कर्म करने वाला; self-assumed बिना अधिकार के स्वीकृत; self-collected शान्त; self-evidence स्वत: सिद्ध; self-interest निजी स्वार्थ;

self-made अपने परिश्रम से महत्त्व प्राप्त किया हुआ; self-will हठ
selfish *a.* स्वार्थपर, स्वार्थी
sell *v.t.* (*p.t.* & *p.p.* sold) बिक्री करना, धोखा देना; to sell off सब सामग्री बेच डालना
seller *n.* बेचने वाला, विक्रेता
sematic *a.* सार्थ, भय-सूचक
semblance *n.* रूप, आकार, समानता*
semen *n.* शुक्र, वीर्य
semi *pref.* (*as bemi demi*) 'आधा' के व्यर्थ का उपसर्ग
seminal *a.* शुक्र-संबंधी, प्रजनन-विषयक
seminary *n.* सेमिनरी, पाठशाला*
senate *n.* सेनेट, मन्त्रिसभा*, विश्वविद्यालय की प्रबन्धकारिणी सभा*
senatorial *a.* सेनेट-संबंधी, राजसभा या समिति-संबंधी
send *v.t.* & *i.* (*p.t.* & *p.p.* sent.) भेजना, प्रस्थान कराना; send off विदाई; to send away प्रस्थान करना, भेजना; to send bullet गोली चलाना; to send for बुलाना; to send forth भेजना
senile *a.* वृद्धावस्था-संबंधी, जरा-सूचक
senior *a.* सीनियर, बड़ी अवस्था या पद का, वयोवृद्ध, ज्येष्ठ, वरीय, प्रधान व्यक्ति
seniority *n.* वरीयता*; ज्येष्ठता*, जेठापन*
sensation *n.* संवेदना*, मनोवेग, उद्वेग, तीव्र अनुभूति*, अनुभव, उत्तेजना, सनसनी*
sensational *a.* संवेदनात्मक, उत्तेजनात्मक, सनसनीखेज, चेतना-विषयक, इन्द्रियबोध-संबंधी
sense *n.* इन्द्रिय-ज्ञान, बुद्धि*, चेतना*, बोध, विचार, तात्पर्य, होश; a man of sense बुद्धिमान पुरुष; common sense बिवेक, बुद्धि*, साधारण ज्ञान; literal sense शब्दार्थ; out of sense बुद्धि-भ्रष्ट, पागल; pleasures of senses विषय-सुख, इन्द्रिय-सुख; sense of action कर्मेन्द्रिय; sense of obligation कृतज्ञता; sense of perception ज्ञानेन्द्रिय; sense of pleasure सुख का अनुभव
senseless *a.* ज्ञानहीन, दुर्बुद्धि, बेहोश

sensibility *n.* इन्द्रियग्राह्यता*, अनुभवशीलता*, ग्रहणशक्ति*, चेतना*, एहसास
sensible *a.* संवेदनशील, इन्द्रियगम्य, श्लाघनीय, संचेतन, उचित
sensibly *adv.* सद्बुद्धि से
sensitive *a* कोमलहृदय, सूक्ष्म-ग्राही; sensitive market जल्दी-जल्दी भाव बदलने की हाट; sensitive paper प्रकाश का प्रभाव पड़नेवाला फोटो का कागज़
sensual *a.* इन्द्रियसुख-संबंधी, वासनात्मक, विलासप्रिय, शारीरिक, संसारी
sensualist *n.* विलासी, विषयी, सुखभोगवादी
sensuality *n.* कामासक्ति*, विषयरति*
sensuous *a.* इन्द्रियजनित, ऐन्द्रिक
sentence *n.* वाक्य, दण्ड की आज्ञा*, सूत्र; *v.t.* दण्ड की आज्ञा देना
sentiment *n.* मनोभाव, भावना*, भाव
sentimental *a.* भावुक, भावुकतापूर्ण
sentry *n.* सन्तरी, चौकीदार
separable *a.* अलगाने योग्य
separate *v.t.* & *i.* विभाग करना, अलगाना, पृथक् होना या करना; *a.* विभक्त, पृथक्, अकेला
separation *n.* वियोग, विरह, विभेद, आंशिक तलाक
September *n.* सितम्बर
septic *a.* & *n.* रक्त-दूषक, रक्त-दूषक पदार्थ, सेप्टिक
sequel *n.* अन्त, परिणाम
sequence *n.* अनुक्रम, परम्परा*, श्रेणी*
serene *a.* शान्त, स्वच्छ, निर्मल
serenity *n.* निर्मलता*, शान्ति*, स्थिरता*
serf *n.* दास, किसान, कपड़ा धोने का पाउडर
serfdom *n.* दासवृत्ति*, अर्ध-दासता*
serge *n.* एक प्रकार का ऊनी वस्त्र, सरज
sergeant *n.* सेना का अध्यक्ष, पुलिस का अफसर; lance-sergeant पुलिस का घुड़सवार सिपाही; sergeant-major सेनाध्यक्ष का सहायक
serial *a.* धारावाहिक, क्रमशः; *n.* क्रमिक प्रकाशन
series *n.* (*sing.* & *pl.*) सीरीज़, श्रेणी*, ग्रंथमाला*, लेखमाला*
serious *a.* गम्भीर, सच्चा, उत्सुक
sermon *n.* धर्मोपदेश, प्रवचन,

उपदेश

serpent *n.* सर्प, सांप; pharaoh's serpent एक प्रकार की बत्ती जो जलाने पर सर्प के आकार की हो जाती है

servant *n.* सेवक, दास, मजदूर, नौकर

serve *v.t. & i.* सेवा करना, सहायता देना व्यवहार करना, परोसना, कार्य करना; it will serve यह पर्याप्त होगा; to serve a sentence पूरी अवधि तक दंड भोगना; to serve out बांटना, to serve the devil निर्दय बनना; to serve the purpose of उपयोग का होना

service *n.* सेवा*, नौकरी*, उपयोगिता*, दया*, आराधना*, उपासना*; at his service उसके अधीन; to take service with नौकरी करना, नौकरी में लगना

serviceable *a.* उपयोगी, लाभदायक

servile *a.* दासवत्, गुलाम वृत्ति का

session *n.* सेशन, न्यायालय या सदन या सभा की बैठक, कार्यकाल, पाठशाला का सत्र

sesspool *n.* चहबच्चा

set *v.t. & i.* (*p.t. & p.p.* set) रखना, नियुक्त करना, बैठाना, ठीक करना, बोना या लगाना, स्थिर करना या जमाना, फलाना, फलना, चुनना, स्थापित करना, क्षितिज में डूबना; *a.* स्थिर, नियुक्त; *n.* प्रेरणा*, समुदाय, मण्डली*, संघ; set speech पहले से प्रस्तुत व्याख्यान; to set about आरम्भ करना; to set a trap फन्दा लगाना; to set apart अलगाना; to set a defiance ललकारना; to set at liberty स्वतन्त्र करना; to set at naught तिरस्कार करना; to set by बचा रखना; to set fire to आग लगाना; to set forward उत्पत्ति में सहायता देना; to set free मुक्त करना; to set in आरम्भ करना; to set one's hand कार्य आरम्भ करना; to set table भोजन के लिए टेबुल बिछाना; to set the watch घड़ी मिलाना; set-back अवरोध, रोक; set-off मुजरा, छूट

settle *v.t. & i.* स्थापित करना, शांत करना, निर्णय करना, राजी होना, नियुक्त करना,

स्वच्छ होना
settlement *n.* निर्णय, व्यवस्था*, उपनिवेश, निपटारा, चुकौती*
settler *n.* उपनिवेशी, नया बसनेवाला
seven *n.* सात; seventeen सत्रह; seventeenth *a.* सत्रहवां; seventy सत्तर; seventieth *a.* सत्तरवां
sever *v.t. & i.* अलग करना, अलग होना, तोड़ना
severance *n.* अलगाव, विच्छेद
several *a.* अनेक, अलग, पृथक्
severe *a.* तीक्ष्ण, कठोर, अत्यन्त कष्टदायक
sew *v.t.* (*p.t.* sewed, *p.p.* sewn) सीना, टांका लगाना
sew *v.t. & i.* पानी बहाना या बहना, पानी का धीरे-धीरे निकलना
sewage *n.* कीच, मल, परनालियां*
sewer *n.* नाली*, मोरी*
sewerage *n.* परनाला
sex *n.* जाति*, लिंग, योनि*; the fair sex स्त्रीजाति*, the male sex पुरुष जाति*
sexual *a.* स्त्री या पुरुष जाति संबंधी; लैंगिक, कामवासना-संबंधी, योनि-संबंधी
sexualist *n.* लिंग-सिद्धान्तवादी, लिंग या जातित्व विभाजन का पंडित
shabby *a.* जर्जर, कुत्सित, दरिद्र, मलिन, मैला
shackle *n.* शृंखला*, बंधन; *v.t.* बांधना, रोकना
shade *n.* छाया*, अन्धकार, पर्दा, रंग का उतार-चढ़ाव, चित्र का गहरे रंग का भाग, प्रेत, थोड़ा अन्तर; *v.t.* छाया करना, अंधेरा करना, ढांकना; to throw into the shade निन्दा करना
shadow *n.* छाया*, परछाईं*, आभा, रक्षा*, अनुचर, प्रेत; *v.t.* छाया करना, अन्धकार करना, ढांकना
shaft *n.* डंडी*, मुठिया*, पतला डंडा, तीर, यन्त्र का लम्बा धुरा
shake *v.t. & i.* (*p.t.* shook, *p.p* shaken) हिलना, कांपना, लड़खड़ाना, व्याकुल करना, थर्राना, निर्बल करना; *n.* धक्का, थर्राहट*, हाथ-मिलौवल; to shake about हिला देना; to shake down हिलाकर भेजना या लाना; to shake in one's shoes भय से कांपना; to shake off छुटकारा पाना; to shake off the dust from one's

feet सब संबंध त्याग देना
shaky *a.* अनिश्चित, डावांडोल
shall *v. aux.* (*p.t.* should) भविष्यकाल-सूचक क्रिया गा, गी
shallow *a.* (*comp.* shallower, *sup.* shallowest) छिछला, हलका, तुच्छ, ओछा
shallowness *n.* छिछलापन, ओछापन
shame *n.* लज्जा*, शर्म*, अपमान, कलंक; *v.t.* लज्जित करना
shameful *a.* लज्जापूर्ण, लज्जास्पद
shameless *a.* निर्लज्ज, बेशर्म
shampoo *v.t.* साबुन रगड़कर सिर धोना; *n.* शैम्पू, बाल धोने का पाउडर या लेप
shanty *n.* (*pl.* shanties) झोंपड़ी*
shape *v.t.* (*p.t.* shaped, *p.p.* shaped *or* shapen) आकार धारण करना, बनाना, ढालना, रचना, मूर्त्ति बनाना; *n.* आकृति*, आकार, रूप, सांचा
shapeless *a.* निराकार, भद्दा
shapely *a* सुरूप, सुन्दर, सुडौल
share *n.* अंश, भाग, हिस्सा, हल का फार; *v.t.* भाग करना, अंश लेना; share holder हिस्सेदार
sharer *n.* अंशभागी, हिस्सेदार
shark *n.* एक भयंकर समुद्री मछली, धूर्त्त पुरुष
sharp *a.* तीखा, नोकदार, तीव्र-बुद्धि, सावधान, रसिक, कर्कश, छली, उग्र, पीड़ाकर; *n.* ठग; *adv.* ठीक समय पर, अभी; sharp-cut स्पष्ट रूप से निरूपित; sharp-set भूखा; sharp-shooter सही या ठीक लक्ष्य लगानेवाला मनुष्य
sharpen *v.t. & i.* तीखा करना या होना, अधिक बुद्धिमान बनाना
sharpener *n.* सान धरनेवाला
sharper *n.* ठग
sharply *adv.* रूखेपन से, पैने ढंग से
shatter *v.t. & i.* टुकड़े-टुकड़े करना, छितराना, क्रम बिगाड़ना
shave *v.t. & i.* (*p.t.* shaved, *p.p* shaved or shaven) हजामत बनाना या बनवाना, महीन काटना
shaver *n.* नापित, बाल मूंड़नेवाला, छोकड़ा, लौंडा, महंगा बेचनेवाला व्यापारी
shaving *n.* हजामत*, मुण्डन
shawl *n.* शाल, दुशाला
she *pron.* (*obj.* her, *poss.* hers, her, *pl.* they) वह

(स्त्री), यह (स्त्री)
shed *v.t.* (*p.t.* & *p.p.* shed) फेंकना, गिराना; *n.* शेड, झोंपड़ी*, ओसारा
sheep *n.* (*pl.* sheep), (*male* ram, *female* ewe, *young one* lamb) भेड़ी; sheep without a shepherd बिना नेता की मण्डली; to cast sheep's eyes प्रेम-दृष्टि डालना; to follow like sheep सर्वदा अनुकरण करना
sheepish *a.* डरपोक, लज्जालु
sheer *a.* केवल, मात्र, निपट, खड़े बल का; *v.i.* अलग होना, घिसकना
sheet *n.* चादर, चौड़ा वस्त्र, विस्तार, पाल
shelf *n.* (*pl.* shelves) अलमारी*, टांड, उभड़ी हुई चट्टान*
shell *n.* छिलका, खोली, नम का गोला, ढांचा; *v.t.* & *i.* छिलका उतारना, बम गोले से उड़ाना; shell-buttons कपड़ा चढ़े हुए धातु के बटन; shell-proof गोली के लक्ष्य से बचने योग्य
shelter *n.* आश्रय, शरण, रक्षा करनेवाला; *v.t.* रक्षा करना
shepherd *n.* (*fem.* shepherdess) गड़रिया, चरवाहा; *v.t.* रखवाली करना
sheriff *n.* शेरिफ, नगराधिप
sherry *n.* स्पेन देश की श्वेत मदिरा*, शेरी
shield *n.* ढाल, रक्षा करनेवाला मनुष्य या पदार्थ, पदक; *v.t.* रक्षा करना, बचाना; the other side of the shield प्रस्तुत विषय का अनावश्यक अंश
shift *v.t.* & *i.* हटाना, हटना, अवस्था या स्थान बदलना, स्थानापन्न करना, विचार पलटना, प्रयत्न करना, टालना; *n.* पाली*, बदला, छल, साधन; to shift about एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना; to shift one's ground नई स्थिति धारण करना
shin *n.* पिंडली*
shine *v.i.* (*p.t.* shone) चमकना, जगमगाना; *n.* प्रकाश, चमक
ship *n.* जहाज़, पोत; *v.t.* (*p.t.* shipped) जहाज़ पर लादना या रखना
shipment *n.* जहाज़ पर लादी गई सामग्री*
shipping *n.* जहाज़, नौवहन
shipwright *n.* जहाज़ बनाने-

वाला

shipyard *n.* जहाज़ का कारखाना

shirt *n.* कमीज़*

shit *v.i.* मल त्यागना; *n.* अपशब्द, गाली*

shiver *v.i. & t.* कांपना, टूटना, टुकड़े करना; *n.* कंपन

shock *n.* आघात, धक्का, टक्कर*, चोट*; *v.t. & i.* धक्का देना, धक्का लगना, दुःखी करना

shoe *n.* जूता, नाल; *v.t.* (*p.t.* shod) जूता पहनाना, नाल बांधना; shoe-black जूते पर पालिश करनेवाला; shoe-horn जूता पहनने का साधन; shoer *n.* नालबन्द; to die in one's shoes फांसी पड़कर मरना

shoot *v.t. & i.* (*p.t.* shot) मारना, फेंकना, छूटना एकाएक उठ आना, अंकुरित होना; *n.* फेंकान, लक्ष्यभेदी या निशानेबाज़ों का दल, नई डाल*; shooting star उल्का, टूटनेवाला तारा

shop *n.* दूकान*; *v.i.* (*p.t.* shopped) सामग्री मोल लेने के लिए दूकान पर जाना

shopping *n.* खरीद*

shore *n.* समुद्रतट

short *a.* छोटा, नाटा, थोड़ा, कम, संक्षेप, शीघ्र; *adv.* यकायक, तुरन्त; in short संक्षेप में, a short cut सरल मार्ग; to cut short शीघ्र समाप्त करना; shorthand संक्षिप्त या संकेत लिपि; shorthanded कम सहायकों वाला; to come to short निराश करना; to fall short कम होना; to take short views केवल वर्तमान का विचार करना

shortage *n.* न्यूनता*, कमी*

shortcoming *n.* दोष, न्यूनता*

shortly *adv.* शीघ्र, झट से

shortness *n.* अल्पता*, लघुता*

shorts *n. pl.* घुटने तक का पाजामा, जांघिया*

short-wind *a.* जल्द थक जानेवाला

short-witted *a.* कम बुद्धिवाला

shot *n.* गोली मारने की क्रिया*, गोली*, बन्दूक या तोप का गोला, गोली चलानेवाला

shoulder *n.* कन्धा, आधार, सहारा; *v.t. & i.* कन्धे से धक्का देना, कन्धा लगाना, दायित्व लेना; of broad shoulders बलवान; old head on young shoul-

ders अल्प वय का बुद्धिमान पुरुष

shout *n.* डांट*, चिल्लाहट*, कोलाहल; *v.i.* चिल्लाना, कोलाहल करना; to shout at चिल्लाकर बोलना

shove *v.t.* & *i.* ढकेलना, किनारे पर से गिराना; *n.* धक्का

shovel *n.* फावड़ा; *v.t.* (*p.t.* shovelled) फावड़े से हटाना

show (shew) *v.t.* & *i.* (*p.t.* showed, *p.p.* shown) प्रकट करना, प्रदर्शित करना, निर्देश देना, सिद्ध करना, मार्ग दिखलाना, देख पड़ना; *n.* दर्शन, प्रदर्शन या प्रदर्शनी*, दिखाव, कौतुक

shower *n.* वृष्टि*, बौछार, झड़ी*, फुहार*; *v.i.* बरसना, झड़ी लगाना

shrewd *a.* चतुर, धूर्त, तीक्ष्ण

shriek *n.* चीख*, कर्कश शब्द, चिल्लाहट*; *v.i.* चीखना, ठहाका मारकर हंसना

shrill *a.* तीव्र, कर्कश, उग्र, कर्णकटु

shrine *n.* पुण्यस्थान, तीर्थ-स्थान, मन्दिर, मठ

shrink *v.t.* & *i.* (*p.t.* shrank *p.p.* shrunken, shrunk) सिकुड़ना, सिकोड़ना, सकुचाना

shrinkable *a.* सिकुड़ने योग्य

shrinkage; *n.* सिकुड़न*

shrunken *a.* सिकुड़ा हुआ

shroud *n.* शव-वस्त्र, कफन, ढकना; *v.t.* ढांकना, छिपाना, आश्रय देना

shrug *v.t.* & *i.* (*p.t.* shrugged) असन्तोष, सन्देह इत्यादि सूचित करने के लिए कन्धा सिकोड़ना

shudder *v.i.* कांपना, थर्राना

shuffle *v.i.* & *t.* स्थान बदलना, उलट-पुलट करना, गड़बड़ करना, पैर घसीट कर चलना. ताश फेंटना; *n.* गड़बड़ी, धूर्तता; to shuffle the cards नई विधि ग्रहण करना या अपनाना

shun *v.t.* (*p.t.* shuned) त्यागना, अलगाना, पहलू बचाना, किनारा कसना

shunt *v.t.* गाड़ी का मार्ग बदलना, बिजली की धारा का क्रम पलटना; *n.* बगल की लाइन*

shut *v.t.* & *i.* (*p.t.* & *p. p.* shut) बन्द करना, रोकना, बन्द होना, अलगाना; to shut down दृढ़तापूर्वक बन्द

करना; to shut off प्रवाह रोकना; to shut one's eyes न देखने का बहाना करना; to shut the door upon विचार न करना, असम्भव करना

shutter *n.* शटर, बन्द करने का साधन, झांप; to put up the shutters दिन-भर के लिए व्यवसाय बन्द करना

shuttle *n.* ढरकी*, सूत्र यंत्र

shuttlecock *n.* पर लगा हुआ काग जो बैडमिन्टन के खेल में प्रयुक्त होता है

shy *a.* (*comp.* shyer or shier, *sup.* shyest or shiest) लज्जालू, समाज से दूर रहने वाला डरपोक; *v.i.* भड़कना, लजाना

shyly *adv.* लज्जा से

Siamese *a.* स्याम देश का निवासी, इस देश की भाषा

Siberian *a.* साइबेरिया देश के निवासी का

sick *a.* पीड़ित, दुखी, रोगार्त, वमनेच्छु

sicken *v.t.* & *i.* रोगी होना या करना, जी मचलाना, घृणा होना; sick leave रोगों के कारण छुट्टी, रोगावकाश

sickle *n.* हसिया* हंसुवा

sickliness *n.* अस्वस्थता*

sickly *a.* अस्वस्थ, रोगी, घृणित

side *n.* किनारा, छोर, बगल, तरफ*, दल, वश; *v.i.* & *t.* पक्ष लेना, भाग लेना; on all sides चारों ओर; on both sides दोनों ओर; on the other side उस पार; opposite side विपक्ष; on this side of the grave संसार में, जीवन में; outer side बाहरी भाग; side by side पास-पास; side-issue चित्त हटाने वाला विषय; side-line अप्रधान व्यवसाय

siege *n.* सेना से किले का घिराव; to lay siege to घेरा डालना

siesta *n.* दोपहर की झपकी*

sigh *n.* गहरी सांस*, उच्छ्वास*; *v.i.* & *t.* आह भरना, दुःख प्रकट करना

sight *n.* दृष्टि*, दर्शन, दृश्य, दिखाव, चमत्कार, निरीक्षण; *v.t.* देखना, लक्ष्य लगाना; at first sight देखते ही; in sight of दृष्टिगोचर; out of sight दृष्टि से परे; out of sight, out of mind अनुपस्थित को भूल जाना; payment at sight

दर्शनी हुंडी; to know by sight देखते ही पहचान लेना; to put out of sight छिपा देना; within sight दृष्टिगोचर

sightly *a.* सुन्दर, मनोहर

sign *n.* प्रतीक, प्रारूप, लक्षण, संकेत, भाव, इशारा, विशेष चिह्न; *v.t.* चिह्न करना, हस्ताक्षर करना; sign-board नामपट्ट; sign-post मार्ग-दर्शक पटरा

signal *n.* सिगनल, संकेत; *a.* अपूर्व, असाधारण; *v.t.* (*p.t.* signalled) संकेत द्वारा सूचित करना

signaller *n.* रेलगाड़ी के आने का संकेत करने वाला

signatory *a.* हस्ताक्षर-संबंधी; *n.* हस्ताक्षरकर्त्ता

signature *n.* हस्ताक्षर, दस्तखत

significance *n.* अभिप्राय, अर्थ, महत्त्व

significant *a.* अभिप्रायपूर्ण, प्रसिद्ध, विख्यात

signify *v.t. & i.* (*p.t.* signified) अर्थ प्रकट करना, बतलाना

silence *n.* मौन, शान्ति*, गुप्त भाव; *interj.* चुप हो ! *v.t.* चुप करना, मुंह बन्द करना

silencer *n.* मशीन की आवाज़ कम करने का साधन

silent *a.* निःशब्द, चुप

silently *adv.* मौन होकर, चुपचाप

silhouette *n.* केवल बाहरी रेखा दिखलानेवाला चित्र, तिमिर-चित्र, छाया-चित्र

silk *n.* सिल्क, रेशम, रेशमी कपड़ा

silk-cotton *n.* सेमल

silken *a.* रेशमी, रेशम के समान

silkworm *n.* रेशम का कीड़ा

silky *a.* रेशम के समान कोमल

silly *a.* (*comp.* sillier, *sup.* silliest) मतिहीन, अनाड़ी, मूर्ख

silver *n.* चांदी, चांदी की चद्दर, मुद्रा* इत्यादि; *v.t.* चांदी चढ़ाना; silver plate चांदी के चढ़े पात्र; silver-smith चांदी का काम बनानेवाला, सुनार

similar *a.* समान, तुल्य

similarity *n.* सादृश्य, समानता*

simile *n.* (*pl.* similes) उपमा*, समानता*

simmer *v.i. & t.* धीरे धीरे उबलना या उबालना; *n.* मन्द, उबाल

simple *a.* अमिश्र, सरल, एक ही प्रकार का, सहज, निष्कपट,

साधारण, ईमानदार, सीधा-सादा; simple diet सामान्य भोजन; simple-hearted सरल हृदय का

simpleton *n.* मूर्ख, अनाड़ी

simplicity *n.* भोलापन, सरलता*

simplify *v.t.* (*p.t.* simplified) सरल करना, आसान बनाना, सुगम करना

simultaneous *a.* एक ही समय में होनेवाला, समकालीन, एक साथ

simultaneously *adv.* एक ही समय में, एक साथ

sin *n.* पाप, अनैतिकता*, दुष्ट-आचरण; *v.i.* (*p.t.* sinned) पाप करना, अपराध करना

since *adv.*, *prep.* & *conj.* से, जबसे, बाद में, क्योंकि, आरम्भ करके; ever since तब से; not long since थोड़े दिन हुए

sincere *a.* निष्कपट, सच्चा, यथार्थ

sincerity *n.* ईमानदारी*, सचाई*, खरापन

sinful *a.* पाप-पूर्ण दुष्ट

sing *v i.* & *t.* (*p.t.* sang, *p.p.* sung) गाना, कविता रचना; to sing out चिल्लाकर पुकारना; to sing to sleep गाकर सुलाना

singer *n.* गायक, गवैया, गानेवाला

single *a.* एक, अकेला, अविवाहित, असहाय; *v.t.* चुन लेना; single-eyed एक आंख का काना

singular *a.*. अकेला, अपूर्व, विचित्र, असाधारण

singularity *n.* अपूर्वता*, विलक्षणता*

singularly *adv.* विशेष प्रकार से

sinister *a.* कुटिल, बुरा, दुष्ट

sink *v.t.* & *i.* (*p.p.* sunk) डूबना, कुआं खोदना, दबना या दबाना, कम करना, लुप्त होना; *n.* मोरी*, परनाला

sinless *a.* पाप-रहित, शुद्ध

sinner *n.* पापी

sip *v.t.* थोड़ा-थोड़ा करके पीना, चुस्की लेना; *n.* चुस्की*

sir *n.* (*fem* madam) महाशय, महोदय, आर्य, श्रीमान, जनाब

siren *n.* अप्सरा*, मोहिनी*, स्त्री*, तीव्र शब्द उत्पन्न करने का भोंपा

sister *n.* (*mas.* brother) बहिन*, धार्मिक सम्प्रदाय की सदस्या*, भगिनी*

sisterhood *n.* भगिनीत्व; sister-in-law ननद*, साली*, भौजाई*

sisterly *a.* बहिन के समान
sit *v.t. & i.* (*p.t.* sat) बैठना, स्थिर होना, विश्राम करना, बैठाना, अण्डा सेना, अण्डे पर बैठना; to sit at home कार्यहीन रहना; to sit out किसी विषय में भाग लेना; to sit up उठ बैठना
situate-(d) *a.* स्थित, स्थापित
situation *n.* स्थिति*, अवस्था*, कार्य
six *a. & n.* छः ; sixfold छः गुना; sixth *a.* छठा, sixteen सोलह; sixteenth *a.* सोलहवां; sixty *n.* साठ; sixtieth *a.* साठवां; at sixes and sevens व्याकुलता से, घबड़ाहट में
size *n.* परिमाण, आकृति*, रूप, आकार, सरेस, लासा; *v.t.* आकार के अनुसार क्रम में रखना, सरेस लगाना
skate *n.* स्केट बरफ पर सरकनेवाला जूता; *v.i.* ऐसा जूता पहनकर सरकना; roller-skate बरफ पर सरकनेवाला पहिया लगा जूता; skating-ring इस प्रकार के जूते पहनकर दौड़ने का स्थान
sketch *n.* रेखाकृति*, स्थूल वर्णन, ढांचा; *v.t.* खाका बनाना, ढांचा बनाना, मान-चित्र खींचना; sketch-book खाका बनाने की पुस्तक
skilful *a.* प्रवीण, कुशल, चतुर, निपुण
skill *n.* कुशलता*, युक्ति*, चातुरी*
skilled *a.* चतुर, अभ्यस्त
skin *n.* छाल, चमड़ा, छिलका; *v.t.* (*p.t.* skinned) खाल उतारना; only skin and bone कंकाल मात्र; to change one's skin असंभव परिवर्तन होना; to save one's skin सुरक्षित रहना
skirmish *n.* बिना क्रम का युद्ध, हलकी लड़ाई*; *v.i.* भिड़न्त करना, हलकी लड़ाई लड़ना
skirt *n.* स्कर्ट, वस्त्र का लटकता भाग, स्त्रियों का घाघरा, किनारा; *v.t.* किनारा लगाना
skit *n.* हंसी का अभिनय, भंडई*
sky *n.* (*pl.* skies) आकाश, ऋतु*; *v.t.* (*p.t.* skied) गेंद इत्यादि को आकाश में फेंकना; sky-lark चकोर, चकवा; skylight छत में खिड़की*; skyline क्षितिज; sky-scraper गगन - चुम्बी प्रासाद
slab *n.* पत्थर की चौरस पटिया*; *v.t.* पटिया या परत अलग'ना

slack *a.* शिथिल, मन्द, कार्य-हीन, ढीला; *v.t. & i.* ढीला करना या होना; to slack off शक्ति कम करना; to slack up गति कम करना

slander *n.* अपवाद, दुर्नाम; *v t.* कलंक लगाना, दुर्नाम करना

slanderous *a.* कलंकी

slang *n.* अशिष्ट भाषा, गंवारू बोलचाल के शब्द

slap *n.* तमाचा; *v.t.* थप्पड़ मारना

slash *v.t.* दीवार या आड़ बनाने के लिए पेड़ों को गिराना, लंबी फांक करना; *n.* लम्बी फांक* लंबी चीर*

slate *n.* स्लेट पत्थर, स्लेट पट्टी*; *v.t.* स्लेट पत्थर बैठाना

slate *v.t.* कड़ी आलोचना करना, धज्जियां उड़ाना, डांटना, फटकारना, गाली देना

slaughter *n.* हत्या, संहार, वध; *v.t.* हत्या करना, वध करना; slaughter-house वधस्थान, कसाईखाना

slave *n.* दास, चाकर; *v.i.* दास की तरह काम करना; slave-bangle कुहनी पर पहनने की बरेखी; slave-born जन्म से दास; slave-hunter दास खोजनेवाला; slave-trade दास बेचने और मोल लेने का व्यापार

slavery *n.* दासत्व, गुलामी

slavish *a.* दास तुल्य, तुच्छ, नीच

slay *v.t.* (*p.t.* slew, *p p.* slain) वध करना, नाश करना

sleek *a.* मुलायम, चिकना, चमकीला

sleekness *n.* चिकनाहट*

sleep *v i.* (*p t. & p.p.* slept) सोना, मरना; *n.* निद्रा*, विश्राम

sleeper *n.* सोनेवाला; आलसी मनुष्य, लकड़ी की घरन जिस पर रेल की लाइन जड़ी होती है

sleeve *n.* बहोली*, आस्तीन*; to laugh in one's sleeve छिपकर हंसना; to roll up one's sleeve झगड़ा करने के लिए तैयार होना; sleeve-link आस्तीन में लगाने का बटन

slender *a.* दुबला-पतला, छोटा, क्षीण, दुर्बल

slice *v.t.* चौड़े पतले टुकड़े करना; *n.* टुकड़ा, फांक

slick *a.* सामान्य, चतुर, भड़कीला

slide *v.i. & t.* (*p.t.* slid) खसकना, फिसलना, सरकना;

n. सरकनेवाला भाग, सरकन, स्लाइड

slight *a.* छोटा, तुच्छ, अनावश्यक; *n.* अनादर, तिरस्कार; *v.t.* तिरस्कार करना

slim *a.* दुबला-पतला, धूर्त

sling *v.t. & i.* (*p.t.* slang) फेंकना, लटकना; *n.* ढेलवांस, गांठ उठाने का रस्सा, बरही*

slip *v.t. & i.* (*p.t.* slipped) सरकना, फिसलना, झूठा पैर पड़ना, भूल करना, भागना, ध्यान न देना, चुपके से ले जाना; *n.* दोष, भूल* ढीला वस्त्र, तकिये की खोली*, लकड़ी की पट्टी*

slipper *n.* घर में पहनने का ढीला जूता, चप्पल*, चट्टी*

slippery *a.* सरकनेवाला, अस्थिर

sliver *n.* काठ का टुकड़ा, फरीं

slogan *n.* नारा

slope *n.* ढालुआं भूमि*, ढलवान, पर्वत का किनारा; *v.t. & i.* तिरछा या ढालुआं करना या होना; *a.* ढालुआं

slow *a.* मन्द, आलसी, विलम्ब करनेवाला, असावधान; *v.t.* गतिक्रम करना

slowly *adv.* धीरे से, मन्दता से

slowness *n.* मन्दता*, आलस्य

slow-witted *a.* मन्द बुद्धि का

slug *n.* एक प्रकार का घोंघा, आलसी पुरुष, बंदूक की अंडाकार गोली; slug abed देर तक चारपाई पर पड़ा रहनेवाला पुरुष

sluggard *n.* निद्रालु, आलसी मनुष्य

sluggish *a.* आलसी, ढीला

sluggishly *adv.* मंद गति से

slum *n.* गन्दी बस्ती*

slumber *v.i.* झपकी लेना, ऊंघना; *n.* झपकी*; to slumber away झपकी लेते हुए समय नष्ट करना

slumberous *a.* निद्रालु

slump *n.* किसी पदार्थ के मूल्य में एकाएक ह्रास या गिरावट*, मंदी*

slur *v.t. & i.* (*p.t.* slurred) अस्पष्ट बोलना, शीघ्रता करना, अपमान करना; *n.* निन्दा*, कलंक

slut *n.* (*mas.* solven) मैलीकुचैली स्त्री*

sly *a.* (*comp.* slyer, *sup.* slyest) धूर्त, दुष्ट

smack *n.* स्वाद, अल्प परिमाण, अल्प ज्ञान, मछली मारने की नाव*, ओठ का शब्द; *v.t. & i.* स्वाद लेना, पटाखा छोड़ना

small *a.* अल्प, थोड़ा, छोटा,

तुच्छ, विनीत; *n.* कोमल भाग; *adv.* विनीत; भाव से; small arms बारूद से चलनेवाले छोटे शस्त्र; smallpox शीतला रोग, चेचक; small cause court अदालत खफीफा, लघुवाद न्यायालय

smart *n.* तीव्र वेदना*; *v.t.* पीड़ा का अनुभव करना; *a.* तीव्र, तीक्ष्ण, कठिन, कुशल, चतुर, तीक्ष्णबुद्धि

smartly *adv.* तीव्रता से, शीघ्रता से

smash *v t. & i.* टुकड़े करना, नष्ट होना

smear *v.t.* धब्बा लगाना, मलिन करना; *n.* धब्बा, मलिनता*

smell *v.t.* (*p.t.*, smelled or smelt) सूंघना, शंका करना; *n* गन्ध ग्रहण करने की शक्ति*, गन्ध*

smelt *v.t.* गलाकर धातु अलगाना

smile *v.t. & i.*, मुस्कराना, कृपा करना; *n.* मुस्कराहट* अनुग्रह

smiling *a.* मुस्कराता हुआ, प्रसन्न

smith *n.* धातु का काम करनेवाला

smoke *n.* धुआं; *v.t. & i.* धुआं फेंकना, तमाखू पीना

smoking *n.* धूम्रपान

smoky *a.* धुएं से भरा हुआ, धुएं के रंग का

smooth *a.* चौरस, चिकना, मृदु, प्रसन्न, विनीत; *v.t.* चिकना करना, शांत करना; smoothing-iron इस्त्री करने का लोहा; smooth-tongued चापलूस

smoothen *v.t.* चिकना करना

smoothing *a.* चिकनानेवाला

smoothly *adv.* निर्विघ्नता से

smother *v t.* गला घोंटना, दबाना, छिपाना; *n.* धूल का बादल

smoulder *v.i.* बिना ज्वाला के धुआं देना, भीतर ही भीतर जलना

smug *n.* बना-ठना हुआ, अपने ही में प्रसन्न

smuggle *v t.* कर लगनेवाली सामग्री को चोरी से मंगाना या बाहर भेजना

smuggler *n.* इस प्रकार (कर न देने की) चोरी करनेवाला, चुंगीचोर

smuggling *n.* कर लगनेवाले माल को चोरी से मंगाना या भेजना, चुंगीचोरी*

snack *n.* अल्प भोजन, भाग

snag *n.* ठूंठ, उभड़ा हुआ कोना, आकस्मिक व्यवधान, अड़-

चन*, वाधा*, रुकावट*
snail *n.* घोंघा, आलसी मनुष्य
snake *n.* सांप, धूर्त मनुष्य; snake-charmer मदारी; snake-gourd चिचिड़ा
snaky *a.* सांप के आकार का
snap *v.t. & i.* (*p.t.* snapped) झपटना, दांत काटना, तोड़ना, क्रोध से बोलना, चलते-फिरते पदार्थ का छायाचित्र (फोटो) लेना; *n.* कड़कड़ाहट*, खटका; to snap at काटने का प्रयत्न करना; to snap out क्रोध से बोलना; to snap teeth together दांत कड़कड़ाना; snapshot चलते-फिरते पदार्थ की फोटो
snarl *n.* गुर्राहट*; *v.i.* गुर्राना
snatch *v.t.* झटके से पकड़ना, छीन ले जाना; *n.* झपट्टा, छोटा भाग; by snatches टुकड़े-टुकड़े करके; to snatch at पकड़ने के लिए प्रवृत्त होना; to snatch off चुरा लेना
sneak *v.t. & i.* चुपके से देखना, चुराना, चोर की तरह भागना, नीचता का व्यवहार करना
sneaking *a.* रहस्यमय, गुप्त, अधम, नीच
sneeze *v.i.* छींकना; *n.* छींक*
sniff *v.i.* शब्द करते हुए नाक से हवा खींचना, घृणा प्रकट करना
snob *n.* गंवार, मोची का सेवक; भद्रमानी, वर्गदम्भी, नकचढ़ा अमीर
snobbery *n.* कपटभद्रता*, मिथ्या वैभव-प्रेम, सभ्यम्मन्यता*, अमीरी की अकड़*
snobbish *a.* मिथ्या वैभव-प्रेमी, बना अमीर
snore *v.i.* नींद में खर्राटा लेना
snoring *n.* खर्राटा, घुरकन*
snort *v.i.* नाक से घर्रघर्र का शब्द करना
snout *n.* पशु का थूथुन
snow *n* बरफ* तुषार, पाला; *v.i.* बरफ की तरह गिरना; snow-drift वायु से हटाया हुआ हिम; snow-line जिस ऊंचाई के ऊपर पर्वत सर्वदा बरफ से ढका रहता है; snow-plough बरफ हटाने का साधन
snowless *a.* बिना बरफ का
snowy *a.* बर्फीला, हिमपूर्ण
snub *n.* भर्त्सना*, गाली*, ताना; *v.t.* (*p.t.* snubbed) विनीत करना, झिड़कना; snub-nose चपटी छोटी नाक*

snubbing *n.* झिड़की*, फटकार*
snuff *v.t.* सूंघना; *n.* सूंघनी*, मोमबत्ती का गुल
so *adv. conj. & pron* इस प्रकार से, ऐसा, तो भी इसलिए; quite so बिलकुल ठीक या ऐसा ही; so and so अमुक व्यक्ति; so be it ऐसा ही हो; so far अब तक; so long तब तक; so to say मानो, कहने के लिए
soak *v.t. & i.* भिगोना, तर करना, खूब मदिरा पीना; *n.* भीगन
soap *n.* साबुन; *v.t.* साबुन से धोना
soapy *a.* साबुन के समान, खुशामदी; soap-nut रीठी
soar *v.i.* ऊपर की ओर उड़ना, बहुत ऊंचे पर चढ़ना; *n.* उड्डयन, उड़ान*
soaring *n.* ऊपर की ओर उड़ान
sob *v.i.* (*p.t* sobbed) सिसकना; *n.* सिसकी*
sobbing *n.* सिसकी*, सुबकी*
sober *a.* संयमी, विचारवान, सचेत, गंभीर शांत, अप्रमत्त; *v.t. & i.* संयतमन होना, अनुत्तेजित होना, शांत करना, होश में लाना या होना
sobriety *n.* संयम, स्थिरता*, गम्भीरता*
sociability *n.* मिलनसारी* मेल- मिलाप
sociable *a.* मिलनसार, मैत्रीपूर्ण, मेलमिलापी
sociably *adv.* मिलनसारी से
social *a.* सामाजिक, संघप्रिय समाज-सम्बन्धी, सांसर्गिक, मिलनसार, संबंधप्रिय
socialism *n.* समाजवाद, समाजतन्त्र
socialize *v.t.* समाजीकरण करना, सामाजिक करना, समाजवादी सिद्धान्तों पर व्यवस्थित करना
society *n.* समाज, सभा*, सामाजिक जीवन
sociology *n.* मनुष्य-समाज के नियम तथा उन्नति का शास्त्र, समाजशास्त्र, मानव-समाज तत्त्व, समाज विज्ञान
sock *n.* (*pl.* sox) छोटा मोजा
socket *n.* सॉकेट, खाना, कोटर, छेद जिसमें कोई वस्तु बैठाई जाती हो
soda *n.* सोडा, खार
sodium *n.* सफेद धातु जो सोडा में पाई जाती है, क्षारधातु*
sofa *n.* सोफा, पलंग*, सेज*
soft *a.* कोमल, लचीला,

चिकना, सामान्य मृदु, सुकुमार, मधुर; *interj.* चुप; soft colours हलके रंग; soft goods कपड़े; soft-water ऐसा जल जिसमें क्षारीय पदार्थ तथा नमक का अंश बहुत कम हो, कोमल या मृदु जल

soften *v.t. & i.* कोमल करना या होना

softly *adv.* कोमलता से

soil *n.* भूमि*, धरती*, प्रदेश; *v.t. & i.* मैला करना या होना, अपवित्र करना

sojcurn *v.i.* प्रवासी होना, प्रवास करना, अस्थायी रूप से वास करना; *n.* अल्पवास, प्रवास, बसेरा

solace *v.t.* धीरज देना, ढांढ़स देना; *n.* ढाढ़स, सान्त्वना*, दिलासा*

solar *a.* सौर, सूर्य-संबंधी; solar eclipse सूर्य-ग्रहण, solar system सौर-मण्डल, सौर-जगत

solarium *n.* रोग निवृत्ति के लिए सूर्य की किरणों के सेवन करने का घर, सौर-चिकित्सालय

soldier *n.* सैनिक, फौजी

soldierly *a.* सैनिक की तरह

sole *n.* तलवा, जूते का तल्ला; *a.* अकेला, केवल, अनन्य, एकमात्र, सिर्फ, एक ही

solemn *a.* गम्भीर, धार्मिक, प्रभावशाली, पवित्र

solemnity *n* गम्भीरता*, शांतचित्तता*

solemnize *v.t.* उत्सव मनाना, संस्कार करना, यथाशास्त्र अनुष्ठान करना

solicit *v t. & i.* (*p.t.* solicited) अनुनय करना, याचना करना, प्रार्थना करना

solicitation *n.* प्रार्थना*, विनती*, मिन्नत*

solicitor *n.* सालीसिटर, उपवकील, निवेदक; S~ General सॉलिसिटर जनरल, महावादेक्षक

solicitous *a.* उत्सुक, उत्कंठित

solicitude *n.* चिन्ता*, व्यग्रता*, बेचैनी*

solid *a.* संपूर्ण, घन, ठोस, तत्त्वपूर्ण, अविभक्त

solidarity *n.* एकता*, पारस्परिक दायित्व

soliloquy *n.* (*pl.* -quies) स्वगत भाषण, अपने आप बकना

solitary *a.* निर्जन, अकेला, एकान्त

solitude *n.* निर्जन स्थान, अकेलापन

solo *n.* (*pl.* solos) सोलो, अकेले का गीत, अकेले बाजे का राग; solo flight वायुयान पर अकेले उड़ना

soluble *a.* घुलनशील, हल करने योग्य

solution *n.* हल, घुलाव, पिघलाव, घोल. व्याख्या*, साधन या उत्पत्ति* chemical solution रासायनिक घोल

solve *v.t.* स्पष्ट करना, व्याख्या करना, प्रश्न का उत्तर निकालना; to slove a doubt सन्देह निवृत्त करना; to slove a question प्रश्न का उत्तर निकालना

solvency *n.* ऋण चुकाने की योग्यता*

solvent *a.* & *n.* गलाने या घोलनेवाला, घोलक, ऋण चुकाने में समर्थ

some *a. pron.* & *adv.* कुछ मात्रा, कुछ संख्या, कोई, करीब-करीब, थोड़ा; some·body *n.* कोई एक व्यक्ति; somehow किसी प्रकार से; sometimes कभी-कभी; somewhat कुछ, थोड़ा-सा; somewhere किसी अज्ञात स्थान में, कहीं भी

some *suf a.* उत्पन्न करने वाला' के अर्थ में प्रयुक्त होने-वाला प्रत्यय

somersault *n.* कलाबाज़ी, गुलांट

son *n.* (*fem.* daughter) पुत्र; son-in-law दामाद

song *n.* गायन, गीत, राग, अनुप्रासयुक्त कविता*

